# ...जब लचर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जनसुनवाई में हुई शिकायत

## समाजसेवी ने शासन के नियमों के विपरीत शासकीय चिकित्सकों द्वारा निजी प्रैक्टिस सहित 20 बिन्दुओं की कलेक्टर से हुई शिकायत, कलेक्टर ने सीएमएचओ को दिए कार्यवाही के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 फरवरी। जिले सहित जिला अस्पताल सीधी में जनता की लचर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर समाजसेवी नीरज गुप्ता द्वारा जब जन सुनवाई में कलेक्टर से शासन के नियमों के विपरीत शासकीय चिकित्सकों द्वारा निजी प्रैक्टिस सहित 20 बिन्दुओं की प्रमाण सहित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई तो कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ को कार्यवाही के निर्देश दिये।**

शिकायतकर्ता अर्जुन मानव कल्याण समिति सीधी अध्यक्ष



नीरज कुमार गुप्ता द्वारा की गई शिकायत का प्रमुख विषय जिला सीधी में शासन के नियमों व निर्देशों के विपरीत शासकीय चिकित्सकों द्वारा निजी प्रैक्टिस, निजी अस्पतालों नर्सिंग होम में कार्य, मेडिकल स्टोर चिकित्सक से गठजोड़ कर मेडिकल स्टोर में अवैध चिकित्सकीय परामर्श, मरीजों से बिना रसीद नगद शुल्क वसूली, मेडिकल और बिना पैथोलॉजिस्ट संचालित पैथोलॉजी लैब सहित बिना पंजीयन अनाधिकृत रूप से संचालित क्लीनिक-पैरा मेडिकल क्लीनिक एवं जिला चिकित्सालय के आवासीय परिसर में किये गये अतिक्रमण रहा है। शिकायतकर्ता श्री गुप्ता ने कलेक्टर से उक्त शिकायत कर जांच कराकर सख्त कार्यवाही की मांग की गई है।

### शासकीय चिकित्सक शासन के आदेश का कर रहे उल्लंघन

शिकायतकर्ता नीरज कुमार गुप्ता द्वारा जनसुनवाई में कलेक्टर को दिये गये शिकायती आवेदन में शासन के आदेश का उल्लेख करते हुये स्पष्ट किया है कि शासन द्वारा शासकीय चिकित्सकों को निजी प्रैक्टिस की अनुमति वर्ष 1999 में जो प्रदान की गई थी वो सीमित एवं नियंत्रित है। शासन के दिनांक 13 जनवरी 1999 एवं 7 अगस्त 2013 के आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि निजी प्रैक्टिस केवल कर्तव्य समय के बाहर की जा सकती है। निजी प्रैक्टिस केवल स्वयं के निवास पर सीमित परामर्श तक ही अनुमन्य है, न कि भर्ती, आपरेशन अथवा संस्थागत चिकित्सा कार्य हेतु। निजी अस्पताल, नर्सिंग होम अथवा मेडिकल स्टोर में बैठकर कार्य करना निषिद्ध है। निजी प्रैक्टिस केवल स्वयं के निवास पर सीमित परामर्श तक ही अनुमन्य है, भर्ती, आपरेशन, जांच अथवा संस्थागत चिकित्सा पूर्णत: प्रतिबंधित है। उसके बावजूद जिला सीधी में शासकीय चिकित्सक शासन के आदेश का खुलेआम उल्घंन कर रहे हैं।

### कलेक्टर ने 7 दिवस में दिए कार्यवाही के निर्देश

अर्जुन मानव कल्याण समिति सीधी अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता की जनसुनवाई में मिली शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बबीता खरे को शिकायत पर 7 दिवस में समुचित कार्यवाही के निर्देश दिये।

### प्रभारी सिविल सर्जन को शासन के आदेश की नहीं है जानकारी!



समाजसेवी एवं अर्जुन मानव कल्याण समिति सीधी अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता द्वारा आज जब नवागत सिविल सर्जन सह अधीक्षक जिला अस्पताल सीधी के.बी.प्रजापति से मुलाकात कर शासकीय चिकित्सक के निजी प्रैक्टिस से संबधित शिकायती आवेदन देकर शासन के आदेश के बारे में चर्चा की गई तो उन्होंने शासन के आदेश की जानकारी को लेकर अनभिज्ञता जताते हुए इस विषय में शासन स्तर पर मांग रखने की बात कही गई।

### इनका कहना है



जिला सीधी जो कि सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा जिला है जहां ग्रामीण एवं आदिवासी जनसंख्या का अनुपात उल्लेखनीय है। वहां शासन द्वारा आम नागरिकों को सुलभ, नि:शुल्क एवं पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों का संचालन किया जा रहा है। परंतु अत्यंत खेद के साथ यह अवगत कराना आवश्यक है कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था का व्यापक दुरुपयोग किया जा रहा है जिससे गरीब ग्रामीण एवं आदिवासी नागरिकों का आर्थिक एवं चिकित्सकीय शोषण बढ़ता जा रहा है। जिले की लचर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर मेरे द्वारा प्रमाण सहित जनसुनवाई में आज कलेक्टर से लिखित शिकायत की गई है।

**नीरज कुमार गुप्ता, अध्यक्ष**
**अर्जुन मानव कल्याण समिति-सीधी**



जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा शिकायतकर्ता नीरज कुमार गुप्ता अध्यक्ष अर्जुन मानव कल्याण समिति सीधी की दी गई शिकायत की तत्काल प्रभाव से जांच कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

**डॉ.बबीता खरे, सीएमएचओ, जिला-सीधी**

# न्यायाधीश ऋषि तिवारी क़ी स्मृति में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

## 102 की जांच, 25 मरीज़ नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चित्रकूट रवाना

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 फरवरी। न्यायाधीश ऋषि तिवारी क़ी स्मृति में आज 10 फरवरी को ऋषिकेश फाउंडेशन द्वारा ऋषिकेश आश्रम बड़ा बांध हनुमानगढ़ में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर आयोजन की श्रृंखला में यह 41वां नेत्र परीक्षण शिविर था। नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर प्रत्येक माह की 10 तारीख को आयोजित किया जाता है। शिविर में हनुमानगढ़ सहित आसपास के लगभग 20 गांवों से 103 मरीज



नेत्र जांच करवाने पहुंचे। पिछले माह जिन मरीज़ों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया था उनका फॉलोअप चेकअप करने के उपरांत नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए। आज के शिविर में सभी आगंतुकों को ऋषिकेश फाउंडेशन के सेवादारों द्वारा जलपान करवाया गया, फिर चिकित्सकों द्वारा मरीजों नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत आवश्यकतानुसार नि:शुल्क आई ड्राप वितरित किए गए। जांच के बाद 25 मरीजों को मोतियाबिंद के नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु चित्रकूट रवाना किया गया। सेवादारों द्वारा शिविर में पहुंचे सभी आगंतुकों को बिस्किट भेंट किए गए। चित्रकूट जाने वाले सभी मरीज़ों को बिस्किट के साथ भोजन के पैकेट भी भेंट किए गए। ऋषिकेश फाउंडेशन परिवार सभी मरीजों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ्य लाभ की कामना करता है।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस : डिजिटल सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 फरवरी। इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाए जाने वाले सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प तथा एआई का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग विषय पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन 10 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में किया गया।**



कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग, साइबर खतरों से बचाव तथा नई तकनीकों के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। एनआईसी सीधी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दशरथ प्रजापति द्वारा साइबर स्वच्छता, सुरक्षित पासवर्ड प्रबंधन, फिशिंग एवं ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्य करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग के साथ उससे जुड़े जोखिमों, डेटा सुरक्षा एवं नैतिक उपयोग के पहलुओं पर भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तकनीक के सकारात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करते हुए डिजिटल सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

# विमल जायसवाल बने कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**कुसमी 10 फरवरी। कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह द्वारा कुसमी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से विमल जायसवाल को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्ति किया है। जिसकी सूची जारी कर दी गई है।**

विमल जायसवाल को ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर कुसमी के कुसमी कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखा गया। पूर्व विधायक पंजाब सिंह, शेषमणि पनिका, जनपद अध्यक्ष श्यामवती सिंह, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश सिंह, तिलकराज सिंह



डाला पीपर, सावित्री पनिका, बीणा सिंह, भूपाल सिंह, भास्कर साहू, संदीप साहू, नन्दलाल सिंह, अम्बिका यादव, राजमणि यादव, मनदेव सिंह, ब्योहर सिंह, गेंदलाल बैगा, सोमवती सिंह, छोटेलाल सिंह, बुटैली सिंह, केबी सिंह, लोकनाथ सिंह, शिवप्रताप सिंह, दिलीप सिंह, इंद्रभान सिंह, गुलसन बानो, शिवधारी साकेत, हीरालाल विश्वकर्मा, जगधारी सिंह, रामलखन साकेत, हीरालाल विश्वकर्मा, मिठाईलाल बंशल सहित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विमल जायसवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वहीं विमल जायसवाल ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं कुसमी के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

# पारदर्शिता, सकारात्मक कार्य संस्कृति और जनविश्वास का वातावरण करें तैयार : सोमवंशी

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 फरवरी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में विकासखंड सीधी की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत सेवाओं, संकल्प से समाधान अभियान तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।**

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासन में पारदर्शिता, सकारात्मक



कार्यसंस्कृति और जनविश्वास बढ़ाने वाला वातावरण तैयार करना सभी की जिम्मेदारी है। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में प्रशासनिक कार्यों को आठ प्रमुख सेक्टरों में विभाजित कर सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत सेवाएं निर्धारित समय-सीमा में ही प्रदान हों। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान के तहत चिन्हित 106 जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में कलेक्टर ने टीम वर्क, विभागीय समन्वय, नागरिकों से सतत संवाद और संवेदनशीलता को प्रशासन की सफलता का आधार बताते हुए कहा कि प्रत्येक शासकीय सेवक का आचरण सद्भावनापूर्ण एवं जनहितकारी होना चाहिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, एसडीएम गोपद बनास राकेश शुक्ला, सीईओ जनपद पंचायत चंदूलाल पनिका, तहसीलदार राकेश शुक्ला, नायब तहसीलदार सुश्री एकता शुक्ला सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लक्ष्य आधारित एवं परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाने के निर्देश दिए गए।

## एक नजर में

### युवा संगम, रोजगार एवं स्वरोजगार मेला 17 को

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को एक ही स्थान पर रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 17 फरवरी 2026 को शासकीय आईटीआई सीधी परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय ''युवा संगम'' मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इसमें देश, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर की निजी कम्पनियों के साथ-साथ स्व-रोजगार से संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां युवाओं को विभिन्न रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी और अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन आदेश जारी

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा प्रशासनिक कार्य सुविधा के दृष्टिगत आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से अपर कलेक्टर एवं संयुक्त कलेक्टर जिला सीधी के मध्य कार्य विभाजन संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार बी.पी.पाण्डेय को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ जनगणना शाखा का कार्यभार सौंपा गया है। वहीं राजेश कुमार शुक्ला संयुक्त कलेक्टर को आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी जिला सीधी (आहरण एवं संवितरण सहित) प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। आदेश के तहत बी.पी.पाण्डेय अपर कलेक्टर को जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सीधी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। साथ ही श्रीमती मीनाक्षी जायसवाल प्रभारी तहसीलदार (नजूल) को जनगणना शाखा के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।

### नपा क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध

**सीधी।** वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं संचालित होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं परीक्षा व्यवस्था प्रभावित न हो, इस उद्देश्य से उपखण्ड मजिस्ट्रेट गोपद बनास राकेश शुक्ला द्वारा आदेश जारी कर नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र/डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश में उल्लेखित है कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से विद्यार्थियों को अध्ययन में असुविधा हो रही थी, जिसे दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में जारी अनुमति/आदेशों को निरस्त कर दिया गया है। नगरपालिका क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के हित में नागरिकों से प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

# जिले के नन्हे योगियों ने वर्ल्ड योग स्पोर्ट प्रतियोगिता में सीधी का नाम किया रोशन

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 फरवरी। जिले के लिए बड़े गर्व की बात है कि सीधी जिले की बेटी आदित्री सिंह और अविष्का सिंह ने वर्ल्ड योगा चैंपियनशिप में विजई होकर जिले का मान बढ़ाया है।**

जिला योगा एसोसिएशन सीधी के सचिव प्रदीप तिवारी ने बताया कि आईयूवायएफ वर्ल्ड योगा चैंपियनशिप जो कि श्री शारदा इंटरनेशनल स्कूल आतिबेली बंगलुरू में आयोजित थी, जिसमे श्रीलंका, वियतनाम, स्विट्ज़रलैंड आदि देशों के साथ भारत के अन्य प्रदेश के योगियों ने चैंपियनशिप में भाग लिया और योग स्पोर्ट में अपने स्थान बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा



किए। जिसमे सीधी से भी सब जूनियर बालिका वर्ग में आदित्री सिंह चौहान ने स्पोर्ट योग में प्रथम और आर्टिस्टिक योग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। केन्द्रीय विद्यालय सीधी की छात्रा आविष्का सिंह ने स्पोर्ट योग में प्रथम और रिदमिक योग में तृतीय स्थान प्राप्त किया, बालक वर्ग में छात्र अथर्व सिंह चौहान ने स्पोर्ट योग में प्रथम और रिदमिक और आर्टिस्टिक योग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही सीनियर बालक वर्ग में अमितेश सिंह चौहान ने आर्टिस्टिक योग में प्रथम और स्पोर्ट योग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और सुपर सीनियर वर्ग में केपी सिंह ब्लॉक योग प्रभारी सीधी ने स्पोर्ट और आर्टिस्टिक योग में प्रथम स्थान अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया। योगा एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश के राज्य सचिव एसएस चौहान ने सभी प्रतिभागियों को जिले और राज्य का नाम योग स्पोर्ट में वर्ल्ड स्तर पर मान बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दिए। प्रतियोगिता 6 से 8 फरवरी तक आयोजित थी। कोच प्रदीप तिवारी के नेतृत्व में सभी ने गरिमामई उपलब्धि प्राप्त की। इस उपलब्धि के लिए डीईओ पीके सिंह, केन्द्रीय विद्यालय प्राचार्य एम.के.मिश्र, गांधी विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर स्मिता आदि ने कीर्तिमान बनाए रखने के लिए कामना किए है।

# महेन्द्र सर्राफ बने प्रदेश मीडिया प्रभारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 फरवरी।** श्री गुरु बजरंग संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव राय के स्वीकृति से राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार सिंह अनुशंसा पर राष्ट्रीय प्रभारी मातृशक्ति श्रीमती कुसुम गौतम के स्नेह पात्र प्रदेश अध्यक्ष वीर विक्रम शुक्ला के अनुमति एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश केदार सिंह, प्रांत प्रचारक धीरेंद्र सिंह परिहार के सहमति से सीधी नगर के समाजसेवी, सनातन के धार्मिक कार्यों में बढ़ चलकर भाग लेने वाले एवं सीधी नगर में हिंदुत्व के वाहक महेन्द्र सर्राफ को संगठन में प्रदेश मीडिया प्रभारी मध्य प्रदेश के पद पर नियुक्ति किया गया है।



श्री सर्राफ संगठन में बहुत समय से ही सक्रिय रहे हैं और अब प्रदेश भर में एवं राष्ट्रीय स्तर पर शनिवार सामूहिक हनुमान चालीसा राष्ट्रीय अभियान एवं रविवार वैदिक गुरुकुलम में आपका सहयोग इसे और आगे बढ़ाएगा, आप सदैव संगठन में अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहें।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 110 आवेदकों की समस्याएं

## त्वरित व समयबद्ध निराकरण के दिये सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 10 फरवरी। शासन के निर्देशानुसार जिला पंचायत सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिलेभर से आए नागरिकों की कुल 110 समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों पर तत्काल, प्रभावी एवं पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाए।**

कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि जनसुनवाई शासन और आमजन के बीच संवाद का



महत्वपूर्ण माध्यम है, अत: प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। यदि किसी प्रकरण में देरी या उदासीनता पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध जवाबदेही तय करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद सीईओ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े रहे।

### जरूरतमंद आवेदकों को विशेष सुविधा

जनसुनवाई में दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से आने वाले गरीब एवं जरूरतमंद आवेदकों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा ì सुगम टोकनî व्यवस्था लागू की जा रही है। कलेक्टर की पहल पर बस संचालकों के सहयोग से पात्र हितग्राहियों को जनसुनवाई के पश्चात नि:शुल्क घर वापसी की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं विशेष जरूरत वाले आवेदकों को राहत देना तथा उन्हें सम्मानजनक एवं सहज सुविधा उपलब्ध कराना है। आज की जनसुनवाई के दौरान दो हितग्राहियों को सुगम टोकन प्रदान किए गए।

# अतिरिक्त सीईओ जिपं को सामाजिक न्याय विभाग का प्रभार

**सीधी 10 फरवरी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जारी आदेशानुसार उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का पद रिक्त होने एवं सागर दिलीप जैन (परि.) डिप्टी कलेक्टर के प्रशिक्षण पर जाने के कारण विभागीय कार्यों के सुचारू संचालन हेतु धनंजय मिश्रा, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत सीधी को अपने मूल कार्य के साथ-साथ उप संचालक का अतिरिक्त प्रभार आहरण/संवितरण अधिकार सहित अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा गया है। यह व्यवस्था विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रशासनिक कार्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है।

CMYK